मुख्यमंत्री सचिवालय

प्रेस विज्ञप्ति

रांची,दिनांक: 30/08/2024

मुख्यमंत्री सचिवालय रांची
विज्ञप्ति संख्या - 230/2024
30 अगस्त 2024
मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय, रांची
==========================
राज्य के विभिन्न जिलों से पहुंची पोषण सखी दीदियों ने मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन से की मुलाकात।
==========================
पोषण सखी दीदियों ने राज्य सरकार द्वारा कैबिनेट की बैठक में विभागाधीन पूर्व में कार्यरत अतिरिक्त आँगनबाड़ी सेविका-सह-पोषण परामर्शी (पोषण सखी) के पुनर्बहाली की स्वीकृति दिए जाने के निर्णय को लेकर मुख्यमंत्री को धन्यवाद देते हुए उनके प्रति आभार व्यक्त किया।
==========================

★ मुख्यमंत्री ने कहा - राज्य सरकार द्वारा पिछले साढ़े चार वर्षों में राज्यहित के कई अहम निर्णय लिए गए।
==========================

मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन से आज कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय परिसर में राज्य के विभिन्न जिलों से पहुंची पोषण सखी दीदियों ने मुलाकात कर मुख्यमंत्री के प्रति सहृदय आभार प्रकट किया। मुख्यमंत्री से मिलकर पोषण सखी दीदियों ने विगत 29 अगस्त 2024 को मंत्रिपरिषद की बैठक में राज्य सरकार द्वारा पूर्व में कार्यरत अतिरिक्त आँगनबाड़ी सेविका-सह-पोषण परामर्शी (पोषण सखी) के पुनर्बहाली की स्वीकृति दिए जाने के निर्णय को लेकर मुख्यमंत्री को धन्यवाद देते हुए उनके प्रति आभार व्यक्त किया। पोषण सखी दीदियों ने मुख्यमंत्री के समक्ष कहा कि राज्य सरकार द्वारा लिए गए इस निर्णय से हम सभी पोषण सखी काफी हर्षित और उत्साहित हैं। पोषण सखी दीदियों ने मुख्यमंत्री से कहा कि आपके कुशल नेतृत्व में राज्य सरकार समस्त राज्य वासियों को उनका हक-अधिकार देने का काम निरंतर कर रही है। राज्य सरकार द्वारा जनहित में लिया गया हर निर्णय सराहनीय है। धन्यवाद मुख्यमंत्री जी!

पिछले साढ़े चार वर्षों में राज्यहित में कई अहम निर्णय लिए गए

इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने पोषण सखी दीदियों से कहा कि पिछले साढ़े चार वर्षों में उनकी सरकार राज्यहित में कई अहम निर्णय लिए हैं। राज्य सरकार द्वारा कई महत्वपूर्ण नीति का निर्धारण भी किया गया है, जिसका लाभ राज्यवासियों को मिल रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी वर्ग-समुदायों को उनका हक-अधिकार उपलब्ध कराने के साथ-साथ राज्य की नारी शक्ति के सर्वांगीण विकास के लिए उनकी सरकार समर्पित रही है। राज्य सरकार द्वारा संचालित महत्वाकांक्षी योजनाओं को गांव-गांव, घर-घर तक पहुंचाने का काम किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंडवासियों की उम्मीदों, आकांक्षाओं और विश्वास के अनुरूप योजनाओं को धरातल पर उतारा गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार आने वाले दिनों में भी जनहित का कार्य निरंतर करती रहेगी।

मौके पर मंत्री श्री मिथिलेश कुमार ठाकुर, मंत्री श्रीमती बेबी देवी, मंत्री श्री दीपक बिरुआ, विधायक श्री सुखराम उरांव, विधायक श्री दशरथ गागराई, विधायक श्री समीर मोहंती, विधायक श्री संजीव सरदार, विधायक श्री मंगल कालिंदी, विधायक श्री निरल पूर्ति, विधायक श्रीमती कल्पना सोरेन, विभिन्न जिलों से पहुंची पोषण सखी दीदियों में प्रमिला कुमारी, रुबिया खातून,

अंजनी कुमारी, तारा गुप्ता, सुषमा कुमारी, मनोरमा कुमारी, सोनी कुमारी, डॉली कुमारी, मुसर्रत आरा, ज्योति कुमारी, रीता दास, किरण कुमारी, रेखा कुमारी, प्रमिला देवी, सीमा कुमारी, ज्योति दास, शबनम बानो, प्रिया कुमारी, आलम आरा, मनीषा टुडू , सोनिया हंसदा सहित अन्य उपस्थित थे।

###

===========================

TeamPRD(CMO)